हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 14 मई 2025

तापमान
अधिकतम 41.0 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री

11 जरुरतमंदों के लिए संजीवनी बना सुशासन तिहार

12 तटबंध व हाई मास्ट लाइट के लिए पहुंची सर्वेक्षण टीम




## खबर संक्षेप



### टूटे पुल के मरम्मत की मांग, जपं सदस्य ने कलेक्टर से की मुलाकात

**सिमगा।** जनपद सदस्य चंद्रप्रकाश टोंडे ने मंगलवार को अपने जनपद क्षेत्र के ग्राम मुसवाडीह, नवागांव मार्ग पर टूटे पुल के लिए ग्रामीणों के साथ बलौदा बाजार भाटापारा के कलेक्टर दीपक सोनी से मुलाकात कर तत्काल निर्माण कराने की मांग की है। साथ ही ग्राम दुलदुला हरिनभट्ठा, बैकोनी मार्ग पूरी तरह से खराब हो गया है, जिसके लिए भी कलेक्टर को लिखित आवेदन दिया गया। जिस पर कलेक्टर सोनी ने आश्वासन दिया है कि जल्द से जल्द उक्त मार्ग का मरम्मत करवाया जाएगा।

### झड़ीराम बने विधायक प्रतिनिधि

**पलारी।** कसडोल विधायक संदीप साहू ने वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता झड़ीराम कनौजे को पलारी नगर पंचायत का प्रतिनिधि नियुक्त किया है। विधायक साहू ने कहा कि जनता के बीच अच्छा तालमेल होने के कारण झड़ीराम कनौजे की इस पद पर नियुक्ति की गई है। इससे जनहित के कार्यों में गति मिलेगी। गौरतलब हो कि झड़ीराम कनौजे नप पलारी में एल्डरमेन व पलारी साख समिति के अध्यक्ष रह चुके हैं।



## नगर की प्रमुख समस्याओं पर कांग्रेस ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

# शहर के तालाब हो गए बदहाल और अवैध कब्जे के भी चपेट में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नगर की विभिन्न जनसरोकार की समस्याओं को लेकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे के निर्देशानुसार शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक उपरांत नगर में तालाबों की स्थिति, अतिक्रमण, यात्री सुविधाओं की कमी और अंतिम संस्कार स्थल में व्याप्त समस्याओं को लेकर कांग्रेसजनों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

### ज्ञापन सौंपने पहुंचे कांग्रेसजन

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ कृषक कल्याण परिषद के पूर्व अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा, शहर कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश सिंह ठाकुर, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष विक्रय पटेल, राजा तिवारी, संदीप पांडे, जनपद सदस्य आर्यन शुक्ला, पूर्व पार्षद धर्मेंद्र वर्मा, सुभाष राव, प्रभाकर मिश्रा, शैलेन्द्र बंजारे, सुरेंद्र जयसवाल, पार्षदगण सलमान शेख, शेखर गुप्ता, सुरेश घृतलहरे, रविंद्र नामदेव, गोविंद पात्रे, मानस पांडे, अनिल साहू, लखेश साहू, मनोज प्रजापति, सुखदेव साहू, गोल्डी मैय्या, सूर्यकांत वर्मा, अविनाश मिश्रा, आयुष भतपहरी, प्रवीण सेन, हेमंत वर्मा, दिगंबर साहू, गेवेन्द्र साहू, जय ठाकुर, जय नायक सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।



### तालाबों की दुर्दशा पर जताई चिंता

ज्ञापन में बताया गया कि पिपरहा तालाब का पैठू पूरी तरह से पाट दिया गया है, जिससे दशहरा मैदान, गुरुकुल, किड्स एक्सप्रेस स्कूल एवं पुराने बिजली कार्यालय क्षेत्र का जल निकास अवरुद्ध हो गया है। यदि शीघ्र ही पैठू को नहीं खोला गया तो बरसात के मौसम में जलभराव से गंभीर स्थिति उत्पन्न हो सकती है।इसके अतिरिक्त, नगर पालिका द्वारा कराए जा रहे पिपरहा तालाब के गहरीकरण में निकाली गई मिट्टी को तालाब के अंदर ही डंप किया जा रहा है, जिससे तालाब का क्षेत्रफल लगातार कम हो रहा है।



### मोक्षधाम में स्टॉप डेम निर्माण की मांग

रायपुर रोड स्थित मोक्षधाम में अंतिम संस्कार कार्यक्रम के लिए जल संग्रहण हेतु खोरसी नाला में स्टॉप डेम के निर्माण की मांग भी ज्ञापन में की गई है, जिससे अंतिम संस्कार कार्यों के दौरान जल की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके।

### यात्री प्रतीक्षालय को व्यवसायिक परिसर में बदलने का विरोध

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि नया बस स्टैंड परिसर में स्थित यात्री प्रतीक्षालय को हटाकर वहां व्यवसायिक परिसर निर्माण की जानकारी सामने आई है। यदि ऐसा हुआ तो यात्रियों को गर्मी, बारिश और ठंड में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। कांग्रेसजनों ने मांग की कि प्रतीक्षालय को यथावत रखा जाए तथा उसे और भी सुविधाजनक बनाया जाए।

### रामसागर सहित अन्य तालाबों में जलप्रवाह मार्ग अतिक्रमण की चपेट में

ज्ञापन में कहा गया है कि शहर के प्रमुख तालाब–रामसागर, पिपरहा, रानीसागर, देवराहा, सोलहा, धोबी एवं चिन्नास्वामी तालाब–अतिक्रमण के कारण जलभराव की मूल व्यवस्था से कटते जा रहे हैं। पैठू और जलप्रवाह मार्गों पर अतिक्रमण के कारण भविष्य में इन तालाबों का भरना मुश्किल हो जाएगा, जिससे नगर में जल संकट की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

## न्यायमूर्ति राकेश मोहन पाण्डेय ने किया मनोविकास केंद्र का अवलोकन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति राकेश मोहन पाण्डेय ने मंगलवार को जिला प्रवास के दौरान बलौदाबाजार स्थित नवीन कृषि उपज मंडी परिसर में संचालित मनोविकास केंद्र का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र में उपचार एवं प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे विशेष आवश्यकता वाले बच्चों तथा उनके अभिभावकों से आत्मीय बातचीत की।

■ शिक्षण हाल फिजेयोथरेपी और विजिटिंग में देखी व्यवस्थाएं

न्यायमूर्ति पाण्डेय ने शिक्षण हॉल, फिजियोथेरेपी कक्ष, विजिटिंग कक्ष सहित विभिन्न सुविधाओं का निरीक्षण कर केंद्र की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने बच्चों की चिकित्सीय और शैक्षणिक प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए केंद्र की सेवाओं की सराहना की।

अभिभावकों से संवाद करते हुए उन्होंने जाना कि इस केंद्र से जुड़ने के बाद बच्चों की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। इस आत्मीय मुलाकात के दौरान बच्चों ने न्यायमूर्ति पाण्डेय को अपने हाथों से बनाए गए ग्रीटिंग कार्ड भेंट किए, जिसे उन्होंने स्नेहपूर्वक स्वीकार किया और बच्चों के साथ स्मरणीय तस्वीरें भी खिंचवाईं।

गौरतलब है कि बलौदाबाजार का यह मनोविकास केंद्र विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के सर्वांगीण विकास और पुनर्वास हेतु समर्पित है। अंबुजा अडानी सीमेंट संयंत्र रवान द्वारा सीएसआर मद के अंतर्गत संचालित इस केंद्र में वर्तमान में 40 से अधिक बच्चों को विशेष शिक्षा, चिकित्सीय परामर्श, व्यावसायिक प्रशिक्षण और समग्र विकास की सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री दिव्या अग्रवाल, एसडीएम अमित गुप्ता सहित अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

### पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट

**महासमुंद।** नयापारा में एक व्यक्ति के साथ पुरानी रंजिश को लेकर कुछ लोगों ने मारपीट कर दी। पुलिस ने बताया कि नयापारा वार्ड न के देवनारायण पांडेय के साथ 12 मई की शाम करीब 6.30 बजे पुरानी रंजिश को लेकर आरोपी समीर खान, शिव थापा तथा उसके साथियों ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट कर दी। जिसे निजी अस्पताल में इलाज के लिए दाखिल कराया गया है। महासमुंद पुलिस ने घायल की पत्नी माया पांडेय की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।




## खबर संक्षेप



### आंबेडकर अस्पताल की नर्सों का किया सम्मान

**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय नर्सेस दिवस पर मेडिकल कॉलेज रायपुर के पुराने ऑडिटोरियम में आंबेडकर अस्पताल में कार्यरत नर्सों का सम्मान किया गया। नर्सिंग आफिसर्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित इस समारोह के विशिष्ट अतिथि उत्तर विधानसभा के विधायक पुरंदर मिश्रा एवं विशेष अतिथि मेडिकल कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. विवेक चौधरी, संयुक्त संचालक एवं अस्पताल अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर रहे। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने चिकित्सकीय क्षेत्र में नर्सिंग स्टाफ की भूमिकाओं पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्हें अस्पताल का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया। इस दौरान उप नर्सिंग अधीक्षक एवं सहायक नर्सिंग अधीक्षक को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। इस दौरान लैम्प लाइटिंग, केक कटिंग, नाईटेंगल शपथ ली गई।

### धूमधाम से मनाई गई बुद्ध जयंती, खीर का वितरण भी



**रायपुर।** राजधानी में सोमवार को बुद्ध जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर द बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया की रायपुर शाखा भारतीय बौद्ध महासभा युवा प्रकोष्ठ द्वारा कटोरा तालाब में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अल्पसंख्यक आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा, सिविल लाइंस पार्षद संजना संतोष हियाल, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति भाजपा युवा प्रकोष्ठ के सदस्य आयुष्मान योगेश रावत, डॉ. प्रशांत रावत, अरुण कुमार रामटेके, अरुण डोंगरे, गजेंद्र डोंगरे, पुष्पा धावड़े, प्रिया डोंगरे की उपस्थिति में बुद्ध प्रतिमा स्थल पर मोमबत्ती, अगरबत्ती प्रज्ज्वलित की गई एवं धम्म मित्र नागपद्म ने वंदना कराई।

# उपभोक्ताओं से ज्यादा लोड की भरपूर वसूली, ओवरलोड ट्रांसफार्मर ठीक करना भूले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

प्रदेशभर के बिजली उपभोक्ताओं से ज्यादा लोड के लिए छत्तीसगढ़ पॉवर कंपनी भरपूर वसूली कर रही है। पहले उपभोक्ता अपना ज्यादा लोड बताते नहीं थे, लेकिन अब सीधे व्यवस्था यह हो गई है कि उपभोक्ता का लोड अगर तीन माह तक ज्यादा रहा तो बिजली बिल के साथ ही एक किलोवाट के 944 रुपए के हिसाब से जुड़कर आ जाते हैं।

उपभोक्ताओं से तो ज्यादा लोड होने पर पैसे लिए जा रहे हैं, लेकिन ट्रांसफार्मरों का ओवरलोड कभी भी चेक नहीं होता, जिसके कारण भरी गर्मी में राजधानी रायपुर से लेकर पूरे प्रदेश के शहरों से लेकर गांवों तक ओवरलोड के कारण बिजली की खराबी आम बात है। एक बार बिजली गुल होने पर घंटों लग जाते हैं इसे ठीक करने में, क्योंकि पॉवर कंपनी का अमला भी लाठी टेक है। पॉवर कंपनी को कुछ साल पहले यह शिकायत रहती थी कि उपभोक्ता बिजली का सही लोड नहीं बताते, जिसके कारण ट्रांसफार्मरों में सही लोड का पता नहीं चलता और गर्मी में ट्रांसफार्मरों में खराबी आ जाती है, लेकिन अब पॉवर कंपनी यह शिकायत नहीं कर सकती, क्योंकि अब पॉवर कंपनी ने यह नियम बना दिया है कि जिस भी उपभोक्ता का लोड बढ़ जाएगा, उसका लोड बढ़ाने के लिए बिजली बिल के साथ ही शुल्क जुड़ जाएगा।

**भरी गर्मी में ओवरलोड के कारण प्रदेश में बिजली गुल की बड़ी समस्या**

### एक किलोवाट के 944 रुपए

घरेलू उपभोक्ता आमतौर पर एक से दो किलोवाट लोड का कनेक्शन लेते हैं। आजकल सिंगल फेज में ही पांच किलोवाट तक का उपयोग करने की मंजूरी होने के कारण कई उपभोक्ता सिंगल फेज कनेक्शन में दो से तीन एसी तक चला लेते हैं। ऐसे में तीन माह तक पॉवर कंपनी को जब लगता है कि किसी उपभोक्ता का लोड अब दो किलोवाट से बढ़कर तीन या फिर चार किलोवाट हो गया है तो एक किलोवाट के 944 रुपए के हिसाब से बिजली बिल में जुड़कर आ जाते हैं। इसमें 800 रुपए शुल्क और 18 फीसदी जीएसटी है।



### ट्रांसफार्मर ओवरलोड, देखने वाला कोई नहीं

पॉवर कंपनी उपभोक्ताओं से लोड के पैसे तो ले रही है, लेकिन ट्रांसफार्मरों का लोड कभी देखा ही नहीं जाता है। इसकी वजह से ही समस्या हो रही है। जानकार बताते हैं कि सौ किलोवाट के ट्रांसफार्मर से अगर दो किलोवाट के 50 कनेक्शन दिए गए हैं और बाद में अगर उपभोक्ताओं का लोड तीन से चार किलोवाट हो जाता है तो ऐसे ट्रांसफार्मर ओवरलोड हो जाते हैं। इनकी जांच करके या तो कनेक्शन कम करने का काम किया जाना चाहिए या फिर ज्यादा लोड वाला ट्रांसफार्मर लगाना चाहिए, लेकिन ये काम होता ही नहीं है। इसका नतीजा यह होता है कि ट्रांसफार्मर का डीओ गिर जाता है, कई बार जंपर कट जाता है। ऐसा होने से बिजली गुल होती है। कई बार बड़ा फाल्ट भी हो जाता और फीडर ही बंद हो जाते हैं।

### अमला भी लाठी टेक

ओवरलोड या फिर किसी अन्य कारण कारण से अगर कहीं खराबी होती है तो उस खराबी का पता लगाने में ही पॉवर कंपनी के अधिकारियों का पसीना छूट जाता है, क्योंकि खराबी का पता लगाने के लिए पेट्रोलिंग करनी पड़ती है। इसमें खराबी को खोजने में कई बार घंटों लग जाते हैं। अगर किसी ने खराबी के बारे में जानकारी दे दी कि अमुक स्थान पर स्पार्किंग हुई है तो खराबी जल्द ठीक हो जाती है, नहीं तो फिर घंटों भुगतना ही पड़ता है। राजधानी रायपुर में ही खराबी के कारण बिजली का घंटों गुल होना आम बात है। कई फीडर भी कमजोर हैं। डीडीनगर का साइंस कॉलेज फीडर तो इतना ज्यादा कमजोर है कि इसमें हमेशा खराबी आती रहती है। एक दिन पहले भी खराबी के कारण दोपहर में करीब डेढ़ घंटे तक बिजली बंद रही।

## आवाजाही करने वाले राहगीरों को भी हो रही परेशानी, मैदान से निकला कचरा सड़क पर

# डीके हास्पिटल के मेडिकल वेस्ट से मानव अधिकार आयोग तंग, खुले में फेंके जा रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मरीजों के उपचार के दौरान डीके अस्पताल से निकला मेडिकल वेस्ट मानव अधिकार आयोग की परेशानी का कारण बनने लगा है। खून लगे बैंडेज, खाली सीरिंज और दवाओं के पैकेट जिस जगह डंप किये जा रहे हैं, वह खुला मैदान मानव अधिकार आयोग कार्यालय के सामने है। कचरा खाली मैदान से निकलकर सड़क पर फैलने लगा है, जो राहगीरों की परेशानी का कारण बन रहा है।

जानकारी के अनुसार डीके अस्पताल से निकलने वाला बायोमेडिकल वेस्ट को नियमित रूप से ले जाने की जिम्मेदारी राज्य शासन द्वारा अधिकृत संस्था को है। इसके लिए उसे हर माह 89 हजार रुपए भुगतान भी किया जाता है। कंपनी नियमित रूप से कचरा उठाने में कोताही बरत रही है, जिसकी वजह से मेडिकल वेस्ट की मात्रा बढ़ती जा रही है, जो मानव अधिकार आयोग की परेशानी का सबब बनने लगा है। सूत्रों के अनुसार पहले इस मेडिकल वेस्ट को अस्पताल के पुराने गेट के समीप रखा जाता था। बाद में संबंधित संस्था और नगर-निगम अधिकारियों की सलाह पर उसे अस्पताल के पिछले हिस्से और मानव अधिकार आयोग के कार्यालय के सामने के खाली मैदान पर डंप किया जाने लगा। धीरे-धीरे मेडिकल वेस्ट के साथ कचरे का ढेर बढ़कर सड़क पर आ गया जो आम लोगों की परेशानी के साथ मवेशियों के लिए जानलेवा साबित हो सकता है। डंप किए गए पालिथीन में बंधे दवाओं के पैकेट, खाली सीरिंज के साथ जख्मों को पोंछने के बाद फेंके गए खून लगे बैंडेज भी शामिल है।









### एमसीएच हास्टल की चिन्हित जमीन

जिस स्थान पर मेडिकल वेस्ट डंप किया जा रहा है वहां डीके हास्पिटल की जमीन है। वहां एमसीएच हास्टल बनाने की योजना है। पूर्व में इस जमीन का उपयोग गार्डन के रूप में किया जाता था मगर बाद में असामाजिक तत्वों का डेरा होने की वजह से उसे बंद कर दिया गया। कुछ समय तक इस भूमि का उपयोग नगर-निगम द्वारा कचरा निष्पादन के लिए सेकेंडरी कलेक्शन पाइंट के रूप में किया जाता था जिसे आपत्ति के बाद रोका गया था।

### नगर-निगम और संबंधित कंपनी जिम्मेदार

नगर-निगम द्वारा मेडिकल वेस्ट डंप करने के लिए जगह तय किया गया है। उसे ले जाने के लिए अधिकृत कंपनी जिम्मेदार है। मानव अधिकार आयोग से मिली सूचना पर इस संबंध में जानकारी ली जाएगी।

- **डा. क्षिप्रा शर्मा,** अधीक्षक, डीकेएस सुपरस्पेशलिटी हास्पिटल

### अस्पताल प्रबंधन को दी गई जानकारी

खुले में डंप किए जा रहे मेडिकल वेस्ट से आम लोगों को परेशानी हो रही है। इस संबंध में अस्पताल प्रबंधन को जानकारी दी गई है। उन्हें मेडिकल वेस्ट के लिए सुरक्षित स्थान तय करने के लिए कहा गया है।

- **मनीष मिश्रा,** संयुक्त संचालक जनसंपर्क, मानव अधिकार आयोग

# संविधान की हीरक जयंती पर आमसभा, प्रतिनिधि जुटे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ शहीद स्मारक भवन में राज्य स्तरीय परिचर्चा में 9 बिंदुओ पर मंथन

संविधान की हीरक जयंती वर्ष में छत्तीसगढ़ राज्य आरक्षित वर्ग अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के नेतृत्व में सोमवार को शहीद स्मारक भवन सभागार में राज्य स्तरीय परिचर्चा और आमसभा का आयोजन किया गया। इस आयोजन में राज्यभर से अधिकारी, कर्मचारी, सामाजिक संगठनों के प्रांतीय कार्यकारिणी सहित जिला व विकासखंड के पदाधिकारी व सदस्य शामिल हुए। परिचर्चा में मुख्य रूप से सर्व आदिवासी समाज, प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज, गोंड समाज, हलबा समाज, महार समाज, उरांव समाज, गाड़ा समाज, रविदासी समाज, ओबीसी महासभा सहित अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ा वर्ग के सदस्यों ने भाग लिया।

दरअसल, अनुसूचित जाति, जनजाति व पिछड़े वर्ग के बैकलाग पदों की पूर्ति के लिए विशेष भर्ती अभियान चलाने, जिला व संभाग स्तरीय, स्थानीय भर्ती आरक्षण पर अधिनियम बनाने और राज्य के आरक्षित वर्गों के लिए वर्ष 2011 से निर्धारित 2.50 लाख आय सीमा को मुक्त करने, जाति प्रमाणपत्र सरलीकरण जैसे विषयों पर शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराने राज्य स्तरीय परिचर्चा रखी गयी। इस मौके पर 8 बिंदुओं पर वक्ताओं ने अपने विचार रखे। इसमें प्रमुख रूप से अनुसूचित जाति, जनजाति वर्गों के लिए पदोन्नति में आरक्षण नियम 5 को पुनः अधिसूचित करना और सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम आदेश 24 फरवरी 2025 को पदोन्नति में तत्काल लागू करने, फर्जी जाति प्रमाणपत्र धारितों पर सेवा समाप्ति कार्यवाही कर उन पदों में विशेष भर्ती करने पर जोर दिया गया।

# जनजातीय संग्रहालय का सीएम आज करेंगे लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नवा रायपुर स्थित आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान परिसर प्रदेश के जनजातीय शैली, संस्कृति एवं परंपराओं पर आधारित संग्रहालय लगभग 9 करोड़ रुपए की लागत से बनकर तैयार हो गया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 14 मई को इस संग्रहालय का लोकार्पण करेंगे।

आदिम जाति विकास विभाग के अधिकारियों ने बताया कि संग्रहालय में डिजिटल एवं एआई तकनीक के माध्यम से जनजातीय संस्कृति का भी प्रदर्शन किया गया है। क्यूआर कोड स्कैन करते ही सम्बंधित झांकी की सम्पूर्ण जानकारी मोबाइल पर उपलब्ध हो जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि शुभारंभ अवसर पर मुख्यमंत्री के हाथों नवनियुक्त छात्रावास अधीक्षक को नियुक्ति प्रमाण-पत्र भी प्रदान करने साथ ही प्रयास आवासीय विद्यालय के जेईई मेंस 2025 में क्वालिफाई करने वाले छात्रों का सम्मान भी किया जाएगा। गौरतलब है कि जनजातीय संग्रहालय में कुल 14 गैलरियां हैं, जिनमें जनजातीय जीवनशैली के सभी पहलुओं का बहुत ही खूबसूरत ढंग से जीवंत प्रदर्शन किया गया है।

इनमें जनजातियों के भौगोलिक विवरण, तीज-त्यौहार, पर्व-महोत्सव तथा विशिष्ट संस्कृति, आवास एवं घरेलू उपकरण, शिकार उपकरण, वस्त्र (परिधान) एवं आभूषण, कृषि तकनीक एवं उपकरणों, जनजातीय नृत्य, जनजातीय वाद्ययंत्रों, आग जलाने, लौह निर्माण, रस्सी निर्माण, फसल मिंजाई (पौधों से बीज अलग करना), कत्था निर्माण, चिवड़ा-लाई निर्माण, मंद आसवन, अन्न कुटाई व पिसाई, तेल प्रसंस्करण हेतु उपयोग में लाने जाने वाले उपकरणो व परंपरागत तकनीकों, को दर्शाया गया हैं।

# बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों ने समायोजन के फैसले पर जताई खुशी, आभार रैली निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- थैंक्यू सीएम साहब के लगाये नारे
- तपती धूप में बूढ़ापारा के इंडोर स्टेडियम से नेताजी सुभाष स्टेडिमय तक निकाली रैली
- 2621 शिक्षकों का सहायक शिक्षक प्रयोगशाला विज्ञान के पद पर समायोजन

दिसंबर में बर्खास्त प्रदेशभर के बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों ने सोमवार को राजधानी में अपने समायोजन के प्रति सरकार का आभार जताने रैली निकाली। तपती धूप में बूढ़ापारा के इंडोर स्टेडियम से नेताजी सुभाष स्टेडियम तक पैदल चलकर सभी ने थैंक्यू-थैंक्यू सीएम साहब के नारे लगाये। उनका कहना था कि 126 दिनों के प्रदर्शन का फल उन्हें समायोजन के रूप में मिला है।

दरअसल, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कैबिनेट की 30 अप्रैल को हुई बैठक में बर्खास्त 2 हजार से अधिक बीएड डिग्रीधारी सहायक शिक्षकों को बड़ी राहत दी गयी। सभी प्रभावित सहायक शिक्षकों के समायोजन का फैसला लिया गया। राज्य सरकार द्वारा सहायक शिक्षक प्रयोगशाला विज्ञान के पद पर समायोजन किये जाने के निर्णय को लेकर खुशी जताने सोमवार को प्रदेश के विभिन्न जिलों से आये शिक्षकों ने आभार रैली निकाली। इस दौरान हाथों में बैनर पोस्टर लिये शिक्षकों ने एबीसीडी ईएफ जी, थैंक्यू-थैंक्यू सीएम जी के नारे लगाये। साथ ही राज्य सरकार से अपील की गयी कि समायोजन की प्रक्रिया को जल्द ही पारदर्शी तरीके से पूरी की जाये।

### नवा रायपुर के तूता धरना स्थल पर 126 दिनों तक चला प्रदर्शन

बर्खास्त बीएड सहायक शिक्षकों ने समायोजन की मांग को लेकर नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर अपने हक की आवाज बुलंद करने 126 दिनों तक धरना प्रदर्शन किया। इनका आंदोलन 18 अप्रैल को समाप्त हुआ था। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात के बाद प्रदर्शनकारियों ने यह आंदोलन समाप्त किया था। इससे पहले शिक्षकों ने सामूहिक प्रदर्शन कर मुंडन भी कराया, अंगारों पर चलकर प्रदर्शन किया।

# वक्त पर नहीं बदल सके बीए-बीएससी बीएड का नाम, भेजेंगे व्यापम को परीक्षा लेने प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- बीए बीएड व बीएससी बीएड का नाम परिवर्तन कर किया जाना है आईटीईपी
- प्रस्ताव नहीं मिलने के कारण व्यापम ने जारी नहीं की है प्रवेश परीक्षा के लिए अधिसूचना

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा बीए बीएड और बीएससी बीएड पाठ्यक्रम का नाम तय वक्त पर नहीं बदला जा सका। इसके कारण शैक्षणिक सत्र 2025-26 में इन पाठ्यक्रमों के संचालन पर संदेह की स्थिति बनी हुई थी। अब नेशनल काउंसिल फॉर टीचर्स एजूकेशन द्वारा नाम परिवर्तन के लिए एक वर्ष का अतिरिक्त समय मिल गया है। अर्थात नवीन सत्र में भी इन पाठ्यक्रमों में दाखिले होंगे। चूंकि पूर्व में इन कोर्स के संचालन के लिए संदेह की स्थिति बनी हुई थी, इसलिए प्रवेश परीक्षाएं आयोजित करने व्यापम को प्रस्ताव नहीं भेजा गया था।

अब पुराने नाम के साथ पाठ्यक्रम संचालन की अनुमति मिलने पर व्यावसायिक परीक्षा मंडल को प्रवेश परीक्षाएं आयोजित करने प्रस्ताव भेजा जाएगा। तत्पश्चात व्यापम द्वारा इसके लिए शेड्यूल जारी होगी। गौरतलब है कि व्यापम द्वारा सभी प्रवेश परीक्षाओं के शेड्यूल पूर्व में ही जारी किए जा चुके हैं। केवल बीए-बीएससी-बीकॉम बीएड का शेड्यूल तय नहीं हुआ है। दरअसल, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत बीए बीएड, बीएससी बीएड और बीकॉम बीएड पाठ्यक्रम का नाम बदलकर आईटीईपी अर्थात इंटीग्रेटेड टीचर्स एजूकेशन प्रोग्राम किया जाना है। नाम परिवर्तन के लिए सभी राज्यों को सत्र 2024-25 तक का समय दिया गया था, लेकिन तय समय पर प्रक्रिया पूरी नहीं कर पाने के कारण एससीईआरटी यह बदलाव नहीं कर सका।

### राज्य में हैं 200 सीटें

प्रदेश में बीए-बीएड व बीएससी बीएड की 200 सीटें हैं। इन सीटों में दाखिले व्यापम द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षाओं के माध्यम से होते हैं। बारहवीं उत्तीर्ण विद्यार्थी इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश ले सकते हैं। इस चार वर्षीय पाठ्यक्रम के दौरान छात्रों को उनके संकाय बीए अथवा बीएससी के साथ बीएड पाठ्यक्रम का भी प्रशिक्षण दिया जाता है। सामान्य बीएड पाठ्यक्रम दो वर्षों का होता है और उसमें दाखिले स्नातक के बाद मिलते हैं। इस तरह से इसमें पांच वर्ष का समय लगता है। इंटीग्रेटेड बीए बीएड और बीएससी बीएड में छात्रों का एक वर्ष का समय बच जाता है।

### अगले वर्ष तक बदलाव अनिवार्य

नेशनल काउंसिल फॉर टीचर्स एजूकेशन द्वारा अनुमति दिए जाने से इस सत्र में 200 सीटों पर छात्र प्रवेश लेकर अपना एक साल बचा सकेंगे। बीएड कॉलेज एसोसिएशन के सदस्य महेंद्र चौबे के अनुसार, 4 वर्षीय इंटीग्रेटेड कोर्स संचालित करने वाले सभी महाविद्यालयों को अगले सत्र तक आईटीईपी में ट्रांजिट होना होगा। आईटीईपी में बीकॉम भी शामिल होगा। फिलहाल इंटीग्रेटेड बीएड में केवल बीए और बीएससी को ही शामिल किया गया है।

# मरीज की खातिर नर्स माता-पिता, सत्य साईं संजीवनी हास्पिटल छत्तीसगढ़ की धड़कन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर सत्य साईं संजीवनी हास्पिटल पहुंचे उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि मरीजों के लिए नर्स माता-पिता, भाई-बहन सभी होती है।

मरीजों को स्वस्थ करने में उनकी भूमिका अग्रणी होती है। साव ने कहा कि यह हास्पिटल छत्तीसगढ़ की धड़कन है। यह अस्पताल अब तक 36 हजार बच्चों को नया जीवन दे चुका है। नर्स दिवस पर आयोजित समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए डॉ. सी. राजेश्वरी ऑडिटोरियम में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि साव, श्री सत्य साई हेल्थ एंड एजूकेशन ट्रस्ट के चेयरमैन डॉ. सी. श्रीनिवास, चेयरमैनद्वारा पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन किया। शुरुआत में श्री सत्य साईं इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड एलाइड हेल्थ केयर साइंसेज के छात्रों ने कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) पर एक संगीतमय प्रस्तुति दी।

# तालाबों को बचाने उच्चस्तरीय समिति गठित कर वेटलैंड्स की जांच कराने की मांग

- रिटेनिंग वॉल बनाने से रिसाव रुक जाता है और तालाब नष्ट हो जाता है
- संरक्षण और प्रबंधन में लापरवाही बरती जा रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर





सामाजिक कार्यकर्ता डा. राकेश गुप्ता ने रायपुर जिले में तालाबों की चिंता करते हुए प्रशासन से मांग की है कि रायपुर में वेटलैंड्स की स्थिति की जांच के लिए गठित समिति को भंग कर उच्च स्तरीय समिति का गठन किया जाए।

उन्होंने कहा कि स्वच्छ जल वाला तालाब के चारों ओर एक रिटेनिंग वॉल बनाने से वह नष्ट हो जाता है। रिटेनिंग वॉल बनाने से रिसाव रुक जाता है और तालाब नष्ट हो जाता है। उन्होंने कहा कि रायपुर में वेटलैंड्स के संरक्षण और प्रबंधन में लापरवाही बरती जा रही है। वेटलैंड अथॉरिटी ने 8 मई 2023 की शुरुआत में ही रायपुर के 2.25 हेक्टेयर और उससे अधिक क्षेत्रफल वाले सभी वेटलैंड्स की जांच करने के निर्देश जारी किए थे, जिनमें बूढ़ा तालाब, तेलीबांधा, महाराजबंध और कर्बला तालाब शामिल हैं। इस संबंध में कलेक्टर ने 11 जुलाई 23 को तत्कालीन वन मंडल अधिकारी (डीएफओ) के नेतृत्व में एक समिति गठित की, जिसके द्वारा सिर्फ तीन तालाब कर्बला, झांझ और सेंथ के वेटलैंड्स की जांच की। उन्होंने कहा कि विश्वसनीय स्त्रोतों के अनुसार यह समिति दिसंबर 2000 के बाद से देखे गए उच्चतम औसत बाढ़ स्तर (एचएमएफएल) को निर्धारित करने में विफल रही, जबकि वेटलैंड्स (संरक्षण और प्रबंधन) नियमों के तहत यह जरूरी आवश्यकता है। ये नियम स्पष्ट रूप से एचएमएफएल के अगले 50 मीटर के भीतर किसी भी स्थायी निर्माण को प्रतिबंधित करते है। इस महत्वपूर्ण मीट्रिक की चूक अत्यधिक संदिग्ध है और इसमें शामिल अधिकारियों की मंशा और परिश्रम के बारे में गंभीर चिंताएं पैदा होती हैं।

### अथॉरिटी को कोई रिपोर्ट नहीं सौंपी

उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से रायपुर प्रशासन और तत्कालीन डीएफओ के बीच पूरी जागरूकता के बावजूद 2024 की शुरुआत में कर्बला तालाब में कई करोड़ रुपये की लागत से स्थायी रास्तों के निर्माण सहित बड़े पैमाने पर विकास कार्य किए गए। इन नियमों के उल्लंघनों को रोकने के लिए कोई हस्तक्षेप नहीं किया गया। इसके अलावा प्रशासन द्वारा अभी तक वेटलैंड अथॉरिटी को कोई रिपोर्ट नहीं सौंपी हैं। जिला वेटलैंड संरक्षण समितियों का गठन स्थानीय वेटलैंड्स की सुरक्षा और प्रबंधन के लिए किया गया था, जिसमें वह विफल रही है इसलिए इस समिति को भंग कर रायपुर में आर्द्रभूमि की स्थिति का आकलन करने के लिए वैज्ञानिकों की एक उच्च स्तरीय समिति गठित की जानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि दिसंबर 2000 के बाद से दर्ज किए गए उच्चतम औसत बाढ़ स्तरों को ध्यान में रखते हुए आर्द्रभूमि नियमों के कार्यान्वयन की स्थिति का मूल्यांकन किया जाए।

# ट्रेनिंग में लाखों खर्च, रोजगार 40 प्रतिशत से भी कम, पिछले साल का लक्ष्य भी पूरा नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत ट्रेनिंग लेने वाले 70 प्रतिशत युवाओं को रोजगार देना अनिवार्य है। रायपुर जिले में अब तक लगभग साढ़े छह हजार युवाओं ट्रेनिंग दी जा चुकी है, जिनमें से 40 प्रतिशत से भी कम युवाओं को रोजगार मिल पाया है। इस तरह इस योजना के तहत ट्रेनिंग लेने के बाद भी बेरोजगारों को रोजगार मिल नहीं पा रहा है, जबकि ट्रेनिंग में हर साल लाखों रुपए खर्च किए गए हैं। इधर युवाओं को ट्रेनिंग लेने के बाद भी रोजगार नहीं मिलता देख अब युवा भी इस योजना में रुचि नहीं ले रहे हैं। एक ओर जहां युवा अब ट्रेनिंग के लिए अपना पंजीयन कम करा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर जो युवा पंजीयन करा रहे हैं, उन्हें भी ट्रेनिंग मिल नहीं पा रही है। पिछले वर्ष 197 युवाओं ने ट्रेनिंग लेने के लिए पंजीयन कराया था, जिनमें से मात्र 127 को ही ट्रेनिंग दी गई। शेष युवाओं को फंड की कमी के कारण ट्रेनिंग ही नहीं दी जा सकी।

प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत हर साल युवाओं को फैशन डिजाइनिंग, मोटर वाहन, कंप्यूटर, इलेक्ट्रॉनिक्स, बिजली के काम, ब्यूटीशियन कौशल, स्वास्थ्य सेवा सहित विभिन्न क्षेत्र के लिए ट्रेनिंग देने का टारगेट दिया जाता है। यह टारगेट जिलेवार दिया जाता है। रायपुर जिले को वर्ष 2024 में 250 युवाओं को ट्रेनिंग देने का टारगेट दिया गया था। इस टारगेट की तुलना में 197 युवाओं ने अपना पंजीयन भी कराया था, लेकिन इनमें से मात्र 127 युवाओं को ही ट्रेनिंग दी गई। इस तरह शेष 70 युवाओं को ट्रेनिंग ही नहीं दी गई। दिशा समिति की बैठक में विभाग के अधिकारियों को इसकी रिपोर्ट भी पेश की है।

## प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत 70 प्रतिशत रोजगार देना अनिवार्य

### वर्ष 2016 से 2023 तक 30 प्रतिशत युवाओं को ही मिल पाई नौकरी

विभागीय आकड़ों के अनुसार इस योजना के तहत बेरोजगार युवाओं को उनके मनपसंद क्षेत्र में ट्रेनिंग देकर नौकरी मुहैया कराना है, लेकिन इन्हें नौकरी दिलवाने में विभागीय अमला नाकाम साबित रहा है। हालात ऐसे हैं कि ट्रेनिंग ले चुके 6275 युवाओं लगभग दो हजार लोगों को ही नौकरी मिली है, वहीं 145 लोगों ने खुद का काम शुरू किया है, जबकि प्रति युवा के पीछे लगभग 13 हजार रुपये से ज्यादा राशि खर्च की जाती है। इसके बावजूद युवाओं को नौकरी नहीं मिल पा रही है। इस योजना के तहत प्रशिक्षणोपरांत 70 प्रतिशत युवाओं को नौकरी दिलवाने का प्रावधान एजेंसियों के लिए रखा गया है, लेकिन इसके बावजूद सालभर में अब तक लगभग 35 से 40 प्रतिशत युवाओं को ही रोजगार मिल पाया है। आंकड़ों के अनुसार कुल प्रशिक्षित युवाओं में से सिर्फ दो प्रतिशत युवा ही स्व-रोजगार शुरू कर पाए हैं। ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है कि प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना का जिले में क्या स्थिति है।


फाइल फोटो

### ट्रेनिंग में प्रति घंटे प्रति 45 रुपए तय

प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत राशि से लेकर एजेंसियों से अनुबंध केंद्र द्वारा किया जाता है। इसका भुगतान भी उन्हीं के द्वारा किया जाता है। अनुबंध के तहत प्रति घंटे की ट्रेनिंग में प्रति प्रशिक्षणार्थी 45 रुपये की राशि तय की गई है। इस हिसाब से अनुमानित एक प्रशिक्षणार्थी पर प्रशिक्षित करने में 13500 रुपये का खर्च आता है।

### वर्ष 2023 तक मिले रोजगार के शाखावार आंकड़े

| शाखा | नियोजित | स्व नियोजित |
|---|---|---|
| एपेरल- | 63 | 45 |
| आटोमोटिव- | 30 | 0 |
| बीएफएसआइ- | 86 | 0 |
| कंस्ट्रक्शन- | 91 | 1 |
| इलेट्रॉनिक एवं हार्डवेयर- | 392 | 39 |
| हैंडीक्राफ्ट एवं कारपेट- | 16 | 0 |
| हेल्थकेयर- | 5 | 8 |
| आइटी- | 162 | 0 |
| लाइफ साइंस- | 16 | 0 |
| लाजिस्टिक- | 265 | 32 |
| रिटेल- | 639 | 20 |
| टूरिज्म एवं हास्पिटेलिटी- | 192 | 0 |
| कुल- | 1957 | 145 |

## खबर संक्षेप



### राज्यपाल से बोर्ड परीक्षा के टॉपर्स ने की मुलाकात

**रायपुर।** राजभवन में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर प्रावीण्य सूची में स्थान बनाने वाले रायपुर जिले के विद्यार्थियों ने सोमवार को राज्यपाल रमेन डेका और रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा से मुलाकात की। इस अवसर पर राज्यपाल और विधायक ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए मेडल एवं स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया और 5-5 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की। इस मौके पर राज्यपाल रमेन डेका ने कहा कि इन विद्यार्थियों की सफलता ने साबित कर दिया है कि कठिन परिश्रम और लगन से कुछ भी हासिल किया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को आगे भी इसी तरह मेहनत करने और अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया। राज्यपाल और विधायक ने कहा कि ऐसे ही पूरी लगन और परिश्रम से आगे बढ़ते रहें और देश के विकास में अहम भूमिका निभाएं। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर निधि साहू, जिला शिक्षा अधिकारी विजय खंडेलवाल, छात्र-छात्राओं के अभिभावक और राजभवन के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### एबीवीपी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी 29 से



**रायपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी परिषद 29, 30 एवं 31 मई 2025 को इंदिरा गांधी कृषि विवि में आयोजित होने जा रही है। इस बैठक की तैयारी के लिए कार्यकर्ताओं की बैठक सरस्वती शिक्षा संस्थान में संपन्न हुई। इस बैठक में अभाविप के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री गोविंद नायक, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ.आशुतोष मांडवी, क्षेत्रीय संगठन मंत्री चेतस सुखाड़िया व पूर्व क्षेत्रीय संगठन मंत्री विवेक सक्सेना विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### मानसिक स्वास्थ्य शिविर में 22 मरीजों का उपचार


**महासमुंद।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम डॉ पी कुदेशिया सीएमएचओ, नीलू घृतलहरे डीपीएम और डॉ सीपी चंद्राकर नोडल अधिकारी मानसिक स्वास्थ्य के समन्वय से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसना में मेंटल हेल्थ कैम्प आयोजित किया गया। जहां 22 मरीजों को निःशुल्क मेडिसिन के साथ साइकोसोशल इंटरवेंशन किया गया। डॉ नारायण साहू बीएमओ, डॉ राजीव पटेल ब्लॉक नोडल, लोकेश प्रधान आरएमए, मौजूद रहे।

### विशेष योग्यता अंकों के साथ छात्रों ने किया स्कूल और अभिभावकों का नाम रोशन

# सीबीएसई परीक्षा में टाटा डीएवी पब्लिक स्कूल का उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार




सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के परीक्षा परिणाम में टाटा डीएवी पब्लिक स्कूल, बलौदाबाजार ने एक बार फिर शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त कर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। स्कूल के छात्रों ने विशेष योग्यता अंकों के साथ न केवल अपने माता-पिता बल्कि संस्थान का नाम भी गौरवान्वित किया है।

इस सफलता पर प्राचार्या अल्का शर्मा ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 के बोर्ड परीक्षा परिणाम में विद्यालय का कुल परिणाम 95 प्रतिशत रहा है, जिसमें कक्षा 12वीं के 20 एवं कक्षा 10वीं के 19 छात्र-छात्राओं ने विशेष योग्यता अंकों के साथ सफलता प्राप्त की है।

#### कक्षा 10वीं के टॉपर्स में

अनुष्का यादव ने 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, बलविंदर सिंह 93.2 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय, चिरायु मलिक ने 91 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय, मुनाथा थमीद 90 प्रतिशत अंकों के साथ चतुर्थ, दिबांशा पंडा ने 88.6 प्रतिशत अंकों के साथ पंचम स्थान प्राप्त किया।

#### कक्षा 12वीं के टॉपर्स में

अंशिका वर्मा ने 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, अल्पना वर्मा 89.6 प्रतिशत द्वितीय स्थान पर रहीं।

जिया जैन एवं ईशांत पारवानी ने समान रूप से 89.4 प्रतिशत तृतीय स्थान साझा किया। प्रशष्टि शर्मा चतुर्थ स्थान पर और तेजस्वी चंद्राकर ने 87 प्रतिशत अंकों के साथ पंचम स्थान प्राप्त किया।

प्राचार्या ने बताया कि अन्य विद्यार्थियों ने भी अच्छे अंकों के साथ सफलता अर्जित की है, जिससे विद्यालय का समग्र प्रदर्शन प्रशंसनीय रहा है। इस गौरवपूर्ण परिणाम के लिए उन्होंने शिक्षकों के समर्पण और परिश्रम की सराहना करते हुए कहा कि उनकी मार्गदर्शना और शिक्षण कार्य ने छात्रों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी है। यह उपलब्धि टाटा डीएवी पब्लिक स्कूल की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रणाली और अनुशासित शैक्षणिक वातावरण का परिचायक है।

# पचपेड़ी नाका चौक मुख्य मार्ग को किया अतिक्रमण मुक्त, ठेला गुमटियों को सड़क से हटाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जोन 6 कमिश्नरी क्षेत्र स्थित पचपेड़ी नाका मुख्य मार्ग पर सड़क यातायात बाधित कर रहे अवैध ठेले, गुमटियों को हटाकर मार्ग को अतिक्रमण मुक्त करने टीम प्रहरी ने सोमवार को अभियान चलाया। जेसीबी मशीन से जहां अवैध रूप से लगाये गये शेड तोड़े गये, वहीं नाली के ऊपर पाटे रखकर सामान रखने वालों पर कार्रवाई की गयी। यातायात पुलिस के साथ जोन 6 नगर निवेश विभाग की टीम ने मुख्य मार्ग पर अवैध कब्जा हटाने तत्परता दिखायी। नगर निगम के टीम प्रहरी ने निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर शहर के मुख्य मार्ग और बाजार क्षेत्र में यातायात सुगम बनाने अभियान चलाया।

- टीम प्रहरी ने चलाया अभियान

टिकरापारा के सिद्धार्थ चौक से लेकर पचपेड़ी नाका चौक तक पुलिस बल की उपस्थिति में सड़क यातायात बाधित करने वालों पर कड़ाई बरती। इस दौरान अवैध ठेला और गुमटियों को सड़क से हटाया गया। प्रचार-प्रचार से लिए सड़क घेरकर लगाये गये विज्ञापन बोर्ड और एंगल्स को हटाने की कार्यवाही की गयी। निगम की इस कार्यवाही की भनकर लगते ही कुछ ठेले, गुमटी वाले अपना सामान समेटकर वहां से दूसरी जगह जाते नजर आये। वहीं मुख्य मार्ग पर वाहन खरीदी बिक्री केन्द्र के सामने वाले खाली जगह पर चारपहिया वाहनों को अवैध रूप से खड़ी करने पर किसी तरह की कार्रवाई नहीं करने पर लोगों में चर्चा होती रही।

# जरूरतमंदों के लिए संजीवनी बना सुशासन तिहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ में सुशासन तिहार प्रदेशवासियों के लिए न केवल विकास की नई रोशनी लेकर आया है, बल्कि यह जरूरतमंदों के लिए उम्मीद की किरण भी बन गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर प्रदेशभर में आयोजित हो रहे इस अभियान के माध्यम से आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान हो रहा है।

- सावित्रीबाई को मिली किसान किताब की दूसरी प्रति

बलौदाबाजार जिले के ग्राम बुड़गहन निवासी सावित्रीबाई, पति खेमूराम, गोंड आदिवासी समुदाय से संबंध रखती हैं और परिवार के साथ छोटी सी कृषि भूमि पर निर्भर होकर जीवन यापन करती हैं। हाल ही में उनकी किसान किताब गुम हो गई थी, जिससे उन्हें कृषि संबंधी कार्यों में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था।



सुशासन तिहार के अंतर्गत आयोजित शिविर में उन्होंने किसान किताब की दूसरी प्रति के लिए आवेदन किया। जिला प्रशासन ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए मामले में त्वरित कार्यवाही की और मात्र पंद्रह दिनों के भीतर उन्हें किसान किताब की नई प्रति प्रदान की। दस्तावेज प्राप्त होने पर सावित्रीबाई ने हर्ष जताते हुए कहा कि सुशासन तिहार हमारे जैसे गरीब किसानों के लिए वरदान साबित हो रहा है।

कलेक्टर दीपक सोनी ने बताया कि शासन-प्रशासन की प्राथमिकता है कि ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान शीघ्रता और पारदर्शिता के साथ किया जाए। उन्होंने स्वयं इस मामले की निगरानी की और सुनिश्चित किया कि लाभार्थी को समय पर सहायता प्राप्त हो।

सुशासन तिहार के माध्यम से यह स्पष्ट हो रहा है कि शासन अब आम जनता की समस्याओं के प्रति न केवल सजग है, बल्कि उसे दूर करने के लिए तत्पर भी है। सावित्रीबाई का यह अनुभव इस बात का प्रमाण है कि शासन की योजनाएं अब सीधे जमीनी स्तर पर प्रभावी हो रही हैं।

# भरत देवांगन स्कूल में प्रवेश के लिए निकाली गई लॉटरी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

पीएम भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिंदी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय खरोरा में 13 मई को कक्षा प्रथम में प्रवेश के लिए लॉटरी प्रक्रिया से चयन किया गया। शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर, जिला कार्यालय प्रतिनिधि सीमा मेश्राम एवं प्राचार्य रजनी मिंज की उपस्थिति में यह कार्य संपन्न हुआ।

कक्षा प्रथम में सीट 50 निर्धारित हैं, जिसके विरुद्ध 87 ऑनलाइन आवेदन, 3 ऑफलाइन आवेदन प्राप्त हुए। इस सभी आवेदन के जांच उपरांत कुल 60 आवेदन पात्र हुए, जिसमें लॉटरी प्रक्रिया की गई।

इस लॉटरी कार्यक्रम में प्राचार्य रजनी मिंज, जिला कार्यालय प्रतिनिधि सीमा मेश्राम, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर, पुरुषोत्तम देवांगन, शाहिना परवीन, शाला प्रबंधन समिति सदस्य सुमित सेन, संजीव देवांगन, यज्ञदत्त शर्मा, सचिन अग्रवाल, दुलेश्वर साहू, गुरुदीप सिंह छाबड़ा एवं समस्त स्टॉफ हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम व समस्त पालकगण उपस्थित थे।

# 22 करोड़ का जवाहर बाजार, बायीं तरफ लिफ्ट की जगह पर बना दी 2 दुकानें, फ्रंट से फर्स्ट फ्लोर की एंट्री बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा मालवीय रोड मुख्य मार्ग पर 22 करोड़ की लागत से बनवाये बहुमंजिला जवाहर बाजार के बांई तरफ लिफ्ट वाली जगह पर दुकानें बना देने से फ्रंट से फर्स्ट फ्लोर प्रवेश करने का रास्ता ही बंद हो गया है। प्रोजेक्ट में दुकानदारों और ग्राहकों के आने-जाने के लिए एस्केलेटर के लिए जो जगह तय थी, उस स्पेस को खत्म कर दुकानें बना दी गईं। जवाहर बाजार के व्यापारियों के विरोध के बाद भी एकतरफा दबाव बनाकर जबरिया दुकानें बनाने से जवाहर बाजार से मालवीय रोड के फ्रंट से फर्स्ट फ्लोर की एंट्री वाली जगह ही बंद हो गयी। यही नहीं, मुख्य मार्ग से एप्रोच रोड खत्म हो गया है। इसके चलते प्रथम तल खाली पड़ा है। दुकानों के अंदर की तरफ बनायी गयी 5 लिफ्ट निर्माण के समय से बंद पड़ी है।

- जवाहरबाजार के व्यवसायियों के विरोध के बाद भी तत्कालीन महापौर ने बनवा दी दुकान

मालवीय रोड स्थित राजधानी के ऐतिहासिक जवाहर बाजार को रायपुर स्मार्ट सिटी ने 22 करोड़ खर्च कर भव्य व सुव्यवस्थित बाजार का स्वरूप तो दे दिया, पर नगर निगम और रायपुर स्मार्ट सिटी ने चार मंजिला बाजार में आने-जाने वालों की सुविधा के लिए 5 साल बाद भी लिफ्ट शुरू नहीं कराई। भूतल में 76 दुकानें बनायी गयी हैं, जबकि प्रथम तल पर म76 दुकानें और द्वितीय में 10 हॉल बनाये गये हैं। बेसमेंट और ग्राउंड फ्लोर पर पार्किंग की सुविधा दी गयी है। पहले की तुलना में यहां सुविधाएं तो बढ़ी हैं, पर सबसे बड़ी परेशानी ये है कि जवाहर बाजार में बांयी तरफ 2 एस्केलेटर के लिए छोड़ी गयी जगह पर निगम ने 2 दुकानें बनवा दी हैं। इससे लिफ्ट के लिए छोड़ा गया स्पेस पूरी तरह बंद हो गया है।

जवाहर बाजार व्यवसायी कल्याण संघ के अध्यक्ष सुभाष बजाज का कहना है, तत्कालीन महापौर के दबाव में एस्केलेटर वाली जगह को खत्म कर 2 दुकानें प्रोजेक्ट के विपरीत बनवाई गयी हैं। व्यापारियों ने इसका पुरजोर विरोध किया, पर उनकी नहीं सुनी गयी। और संबंधित दुकानें ऐसे व्यक्ति को आवंटित की गयी हैं, जिसने 2 दुकानें निगम से आवंटित कराकर किराये पर चढ़ा दिया है।

## मालवीय रोड के सामने से बाजार का सुंदर नजारा नहीं दिख रहा



### बेसमेंट में भर रहा पानी बिल्डिंग जर्जर होने का अंदेशा

जवाहर बाजार के बेसमेंट पार्किंग में पानी भरने से व्यापारी परेशान हैं। इससे बिल्डिंग जर्जर होने का अंदेशा बना हुआ है। बेसमेंट निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। जवाहर बाजार के व्यापारियों ने बेसमेंट को दुरुस्त कराने की मांग महापौर मीनल चौबे और निगम आयुक्त से की है। यही नहीं, विभागीय मंत्री तक इसकी लिखित शिकायत कर चुके हैं, पर समस्या जस की तस बनी हुई है।

# काशीराम नगर के जर्जर मकानों से 378 परिवार मठपुरैना में होंगे व्यवस्थापित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

काशीराम नगर के जर्जर मकानों में निवास कर रहे 378 परिवारों को अब मठपुरैना में सुरक्षित जगह पर पक्का आवास मिलेगा। प्रभावितों से दस्तावेज लेकर लाटरी पद्धति से मकानों की नंबरिंग करके मठपुरैना के प्रधानमंत्री आवास के पक्के मकानों में शिफ्ट करने की तैयारी है। नगर निगम आयुक्त विश्वदीप ने सोमवार को जोन 3 कमिश्नर रमेश जायसवाल को इस आशय के निर्देश स्थल भ्रमण के दौरान दिये।

काशीराम नगर के 275 फ्लैट धारकों और 103 किरायेदारों को जर्जर आवास की जगह अब मठपुरैना के प्रधानमंत्री आवास योजना में निर्मित पक्के आवास में सुरक्षित ठिकाना मिलेगा, ताकि इन परिवारों को बारिश के सीजन में किसी तरह की अप्रिय स्थिति का सामना न करना पड़े।

निगम आयुक्त विश्वदीप ने सोमवार को जोन 3 कमिश्नर रमेश जायसवाल, प्रधानमंत्री आवास योजना मुख्यालय शाखा के कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा सीनियर, सहायक अभियंता योगेश यदु और जोन स्वास्थ्य अधिकारी पूरन कुमार तांडी की उपस्थिति में काशीराम नगर के जर्जर आवासों में निवास कर रहे परिवारों से चर्चा की।



### बैरनबाजार गवलीपारा के पास नालियों की सफाई

जोन 4 क्षेत्र स्थित बैरनबाजार गवलीपारा के समीप नालियों की सफाई में कोताही की शिकायत मिलने पर आयुक्त के आदेश पर निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही, जोन कमिश्नर अरूण ध्रुव की उपस्थिति में सफाई मित्र गैंग भेजकर सफाई करवायी गयी। साथ ही कचरा उठाकर उसे सुरक्षित जगह परिवहन कराया गया। निगम के स्वास्थ्य अधिकारी ने नागरिकों से घरों और दुकानों का कचरा नालियों में न डालकर सफाई मित्र को सफाई वाहन में देने की अपील की।

HEALTH TOWN
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
"संस्कारित मातृत्व का पथ - गर्भसंस्कार कार्यक्रम"
मातृत्व की यात्रा को बनाएं सकारात्मक और सशक्त
"मातृत्व की ओर बढ़ते हर कदम में साथ आपके लिए विशेष दंपतियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम"
JOIN OUR SEMINAR
Mantras chanting | Yoga and exercise | Music therapy | garbh savand
14 मई, बुधवार 2025, समय : 04.00 PM
◄ रजिस्ट्रेशन के लिए स्कैन करें
SCAN ME
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : महाराष्ट्र मण्डल चौबे कालोनी, रायपुर 492001,
मो. 91119-12122, 91119-22122 www.shreyanayurveda.com
Dr. Pallavi Kshirsagar
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# विशेष पिछड़ी जनजाति के युवा को मिली सरकारी नौकरी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार**

सुशासन तिहार की रोशनी प्रदेश के कोने-कोने में फ़ैल रही है, लेकिन ग्राम बल्दाकछार के बेरोजगार आदिवासी युवा टिकेश्वर के लिए यह किसी वरदान से कम नहीं है। सुशासन तिहार से विशेष पिछड़ी जनजाति के युवा टिकेश्वर प्रसाद के जीवन में नई रोशनी आई है। 9 मई को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का हेलीकॉप्टर जब अचानक विकासखण्ड कसडोल के ग्राम बल्दाकछार में उतरा तो ग्रामवासियों के लिए यह किसी कौतूहल से कम नहीं था। प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय ने अपने स्नेह और आत्मीयता से ग्रामीणों का दिल जीत लिया। इसी बीच जब विशेष पिछड़ी जनजाति के कमार युवा ने मुख्यमंत्री से परिवार चलाने नौकरी करने की इच्छा जताई तो उन्होंने तत्काल कलेक्टर दीपक सोनी को इस प्रकरण में आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर सोनी ने मुख्यमंत्री के निर्देश पर कार्यवाही करते हुए कसडोल के शासकीय पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास में चतुर्थ श्रेणी में रिक्त पद पर कलेक्टर दर पर टिकेश्वर को नियुक्ति दी। कलेक्टर दीपक सोनी ने टिकेश्वर प्रसाद को मंगलवार को नियुक्ति आदेश प्रदान किया। टिकेश्वर ने इस उपहार के लिए मुख्यमंत्री का दिल से आभार व्यक्त किया है और ख़ुशी ज़ाहिर की है कि अब वो अपने अपने माता पिता का सहारा बन पायी है।

## सुशासन तिहार में मुख्यमंत्री से बल्दाकछार में युवा ने जतायी थी सरकारी नौकरी की इच्छा

### टिकेश्वर ने 12वीं तक की है पढ़ाई

टिकेश्वर प्रसाद का परिवार बांस की टोकनी, सूपा, पर्रा इत्यादि निर्माण का पारंपरिक व्यवसाय करता है, जिसमें बहुत कम आमदनी होती है। टिकेश्वर 12वीं तक की पढ़ाई करने के बाद इस काम में माता पिता का हाथ बंटा रही थी। किसी तरह परिवार की गुज़र बसर हो रहा था। जब मुख्यमंत्री ने उससे बातचीत की तो उसने नौकरी करने की इच्छा व्यक्त की ताकि वह अपने परिवार की आर्थिक मदद कर सके। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने टिकेश्वर की सिर्फ़ इच्छा पूरी नहीं की बल्कि उसके जीवन में नई उम्मीद भी जगाई है।



### मुख्यमंत्री के निर्देश का पालन-

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश के अनुपालन पर ग्राम बल्दाकछार में राजस्व एवं वन विभाग की टीम द्वारा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों को वन अधिकार पत्र के संबंध में जानकारी दी गई एवं वन अधिकार पत्र हेतु आवेदन प्राप्त किए गए। शिविर में बल्दाकछार के पांच ग्रामीणों द्वारा वन अधिकार पत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार ग्राम बल्दाकछार में शिविर की जानकारी हेतु कोटवार के माध्यम से मुनादी भी करायी गई।

## खबर संक्षेप

### हायर सेकंडरी करमदा का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट

**रवान।** शासकीय उच्चतजर माध्यमिक विद्यालय करमदा में कक्षा 10 वीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। 12वीं का परिणाम 94.82 प्रतिशत रहा,



जिसमें वेदिका वर्मा 89.7 प्रतिशत के साथ कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त की। कक्षा 10 वी का परीक्षा परिणाम 92.85 प्रतिशत रहा, जिसमें उर्वशी निषाद 87.16 प्रतिशत के साथ कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त की। परीक्षा में सफल होने वाले सभी बच्चों को प्राचार्य नागेश्वर पटेल शिक्षक शिक्षिकाएं सरपंच सरस्वती वर्मा, रामनाथ सोनी, शेष नारायण वर्मा, राजनरायन सोनी, ग्रामीणजनों ने बधाई दी।

### 12वीं में विकास, 10वीं में लोकेश्वरी ने मारी बाजी

**पलारी।** नगर के सर्व हितकारिणी





उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुकदा का इस वर्ष भी परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा, जहां कक्षा 12वीं के विकास धिरहे ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शाला में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वह पलारी नगर के पार्षद प्रतिभा घनश्याम धिरहे के पुत्र है। वहीं कक्षा 10वीं के लोकेश्वरी खंडेलवाल ने 91.66 प्रतिशत प्राप्त कर शाला में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा 12वीं के अल्का वर्मा ने 87.4 प्रतिशत, वर्षा 86.6 प्रतिशत तथा सिद्धान्त साहू 85 प्रतिशत, पियूष साहू ने 85 प्रतिशत, विनय साहू 84 प्रतिशत, सुमित गहिने ने 81 प्रतिशत व कुलेश्वर साहू ने 80 प्रतिशत प्राप्त किए, कक्षा 10 वीं में मोरतध्वज वर्मा ने 90.33 प्रतिशत, जिज्ञासा सोनसरे 84.5 प्रतिशत, सौम्यनिधी ढीढी 82.33 प्रतिशत, पवन पटेल 81.16 प्रतिशत, मयंक डहरिया 81.3 प्रतिशत, ईशिका कोसले 80.6 प्रतिशत प्राप्त किया है।

### एतिका ने कक्षा 5वीं में हासिल किए 91.5 प्रतिशत अंक

**संडी बंगला।** प्रगति विद्यालय



संडी बंगला एवं जेसी पब्लिक इंग्लिश मीडियम स्कूल मुड़पार संडी की छात्रा एतिका पिता डॉ. महेंद्र वर्मा ने कक्षा 5वीं में 91.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# तटबंध व हाई मास्ट लाइट के लिए पहुंची सर्वेक्षण टीम

**मुख्यमंत्री की बल्दाकछार में घोषणा पर जल संसाधन और क्रेडा विभाग ने शुरू की तैयारी**

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार**





मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा ग्राम बल्दाकछार में की गई घोषणाओं पर जिला प्रशासन ने त्वरित अमल करते हुए विभिन्न विकास कार्यों की शुरुआत कर दी है। इसी क्रम में कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशन में जल संसाधन विभाग एवं क्रेड़ा के अधिकारियों की टीम ने मंगलवार को बल्दाकछार ग्राम का दौरा कर आवश्यक सर्वेक्षण कार्य प्रारंभ किया।

जल संसाधन विभाग के एसडीओ एवं सब इंजीनियर द्वारा महानदी के दाएं तट पर संभावित तटबंध निर्माण के लिए सर्वेक्षण किया। विभागीय अधिकारियों ने जानकारी दी कि प्रतिवर्ष महानदी की बाढ़ के कारण ग्राम बल्दाकछार के तटों में तीव्र कटाव हो रहा है, जिससे ग्रामीणों की आजीविका एवं आवास को खतरा उत्पन्न हो रहा है। इस समस्या के स्थायी समाधान हेतु लगभग डेढ़ किलोमीटर लंबाई में 5 मीटर स्लांट हाइट की सीमेंट-कांक्रीट संरचना युक्त पक्का तटबंध निर्मित करने की योजना बनाई गई है। इस परियोजना की अनुमानित लागत 888 लाख रुपये बताई गई है।

इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार, ग्राम बल्दाकछार में हाई मास्ट लाइट की स्थापना हेतु क्रेड़ा विभाग की टीम ने भी सर्वेक्षण कार्य किया। इंजीनियरों ने ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों के साथ संयुक्त निरीक्षण कर गुड़ी चौक एवं कमारपारा को हाई मास्ट संयंत्र स्थापना के लिए उपयुक्त स्थल के रूप में चिह्नित किया। प्रस्तावित कार्य हेतु प्राक्कलन तैयार कर स्वीकृति की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 9 मई को सुशासन तिहार के तहत ग्राम बल्दाकछार का आकस्मिक निरीक्षण किया था। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की मांग पर तटबंध निर्माण एवं हाई मास्ट लाइट की स्थापना सहित अन्य विकास कार्यों की घोषणा की थी। उनके निर्देशों के अनुरूप जिला प्रशासन द्वारा तीव्र गति से कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है, जिससे ग्रामीणों में उत्साह का वातावरण है।

# जिपं की सामान्य सभा में 'वन नेशन, वन इलेक्शन' का प्रस्ताव पास




**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार**

जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित सामान्य सभा की बैठक में 'वन नेशन, वन इलेक्शन' (एक राष्ट्र, एक चुनाव) के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक की अध्यक्षता नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल ने की, जिसमें उपाध्यक्ष पवन साहू, समस्त जनप्रतिनिधि, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक के दौरान स्थायी समितियों के गठन तथा सभापति के निर्वाचन की प्रक्रिया संपन्न होने के पश्चात 'वन नेशन, वन इलेक्शन' विषय पर जनप्रतिनिधियों को विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। जानकारी के आधार पर जनप्रतिनिधियों ने सामूहिक रूप से इस ऐतिहासिक पहल का समर्थन किया और प्रस्ताव को पारित किया।

बैठक में बताया गया कि 'वन नेशन, वन इलेक्शन' भारतीय लोकतंत्र में एक क्रांतिकारी बदलाव की दिशा में उठाया गया कदम है। यह अवधारणा चुनावी प्रक्रिया को अधिक कुशल, पारदर्शी और स्थिर बनाने की दिशा में कार्य करेगी। इसके सफल क्रियान्वयन से बार-बार होने वाले चुनावों में समय, संसाधन और लागत की बचत होगी, साथ ही शासन की प्रक्रिया भी अधिक प्रभावी होगी।विचार-विमर्श के दौरान जनप्रतिनिधियों ने इसे भारत की लोकतांत्रिक प्रणाली के लिए एक आवश्यक सुधार बताया और देशभर में इस पहल को व्यापक समर्थन देने की बात कही।

# महाविद्यालय के विकास में सहयोग करेंगे पूर्व छात्र

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा**



- कॉलेज के में कार्यक्रम में पूर्व छात्रों ने बैठक में लिया निर्णय

स्व. रामप्रसाद देवांगन शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. शम्पा चौबे के निर्देशन में पूर्व छात्रों की बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम में राजनीति विज्ञान के सहायक प्राध्यापक हिमांशु ध्रुव ने कहा कि प्राचार्य की मंशा से यह प्रथम अवसर है कि महाविद्यालय में इस तरह का आयोजन हो रहा है। इसका प्रयोजन भी यही है कि आपके सहयोग से महाविद्यालय का विकास और आपके विकास हेतु महाविद्यालय का प्रयास। आप सभी महाविद्यालय के गौरव हैं। आपके विचार हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। प्राचार्य ने तिलक लगाकर सभी पूर्व छात्रों का अभिनंदन किया और कहा कि आप सभी इस महाविद्यालय के रत्न हैं। आप जिस स्थिति में हैं उससे आगे आपको जाना है। इसके लिए अपनी ऊर्जा लगा दें। महाविद्यालय आपको हर संभव मदद करेगा। 10, 20, 50 अथवा 100 रुपए का सहयोग कर इस राशि का प्रबंधन और समिति का पंजीयन किया जा सकता है। सभी छात्रों से उनका परिचय के साथ विचार भी आमंत्रित किए गए। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक आर के साहू, डॉ. बाल्मीकि साहू के साथ देविका, त्रिवेणी, हिना, विनीता, अनिशा, दुर्गेश्वरी, डिगेश्वर, विक्रम, तामेश्वर, केतन, कुलदीप, रामकुमार, देवेन्द्र आदि भूतपूर्व छात्र उपस्थित थे।

### वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन की बैठक आज

**रायपुर।** वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन एवं सर्व युवा ब्राह्मण परिषद की आवश्यक बैठक सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में 14 मई को शाम 5 बजे से रखी गई है। बैठक में 19 मई की संध्या दूधाधारी सत्संग भवन मठपारा में भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के अवसर पर 11 सौ दीपों से महाआरती, भजन संध्या, विप्रजनों का सम्मान, भोजन प्रसादी की तैयारी के विषय में चर्चा की जाएगी।

# छग झेरिया यादव समाज के वार्षिक सम्मेलन में प्रतिभावान छात्र सम्मानित

**पलारी।** झेरिया यादव समाज पलारी परिक्षेत्र का वार्षिक सम्मेलन में 10वी 12वी के प्रतिभावन छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। 10वी में पूजा



यादव, पायल, नीतू, किशोर, खेमलता, रोशनी एवं 12 वी में खिलेश्वरी, रानी, दीपांजलि, नीमा, नीलम को 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने पर समाज की ओर से 1-1 हजार रूपये और शील्ड एवं स्व. गौरव यादव की स्मृति में डॉ. दिलेश्वर यादव व विद्या यादव द्वारा प्रत्येक छात्र-छात्राओं को 1-1 हजार प्रोत्साहन राशि से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सुरेंद्र यादव, प्रदेश संरक्षक सुकालू यदु,संगठन मंत्री संजय यादव, मेघनाथ यादव, रामस्वरूप कसडोल, मंगलू रामलवन, मन्नू लालतरेंगा, राकेश यादव जिला के पदाधिकारी तीजराम, फत्तू लाल,नारंतक, रामाधार, नंदकुमार पलारी के अध्यक्ष व पार प्रमुख उपस्थित थे।

# वैष्णवी ने सीबीएसई परीक्षा में हासिल किए 95.6 प्रतिशत अंक

**बलौदाबाजार।** नगर के प्रतिष्ठित परिवार की पुत्री वैष्णवी गुप्ता ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई कक्षा 10वीं की परीक्षा में 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया है। वैष्णवी ने अंग्रेजी, हिंदी, गणित,



विज्ञान, सामाजिक विज्ञान और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषयों में शानदार प्रदर्शन किया है। वैष्णवी गुप्ता, राजेश्वरी गुप्ता और विनय गुप्ता की सुपुत्री हैं। प्रारंभ से ही मेधावी रही वैष्णवी ने लगभग सभी कक्षाओं में 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। उनका अगला लक्ष्य प्रतिष्ठित जेईई एडवांस परीक्षा उत्तीर्ण कर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान IIT में प्रवेश लेना है, जिसके लिए वह दिन-रात कठिन परिश्रम कर रही हैं। वैष्णवी की सफलता के पीछे माता-पिता, भाई तथा दादी का मार्गदर्शन रहा। माता राजेश्वरी गुप्ता ने बताया कि वैष्णवी शुरू से ही पढ़ाई को लेकर गंभीर रही है और एक लक्ष्य निर्धारित कर उसी पर एकाग्रचित्त होकर कार्य करती रही है। वैष्णवी की इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने भी हर्ष व्यक्त किया।

# तिल्दा राज की बैठक में शामिल हुए सामाजिक सदस्य



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा**

नगर इकाई द्वारा 12 मई को मंगल भवन खरोरा में अध्यक्ष पुनीत राम वर्मा और क्षेत्रप्रधान धनेश राम वर्मा के मेजबानी में तिल्दा राज प्रकरण की बैठक हुई। अध्यक्षता कर रहे राजप्रधान ठाकुर राम वर्मा ने निष्पक्षता पूर्वक सभी प्रकरणों का निर्णय लिया। उन्होंने कहा अच्छे समाज का संदेश समाज हमेशा जोड़ने का कार्य करता है न की तोड़ने का। राजमंत्री दौलत राम धुरंधर, डोमार वर्मा, प्रवीण वर्मा, शिव वर्मा और नगर इकाई से रामकुमार धुरंधर, डॉ ओंकार वर्मा, लक्ष्मण वर्मा, भुनेश्वर वर्मा, रोहणी वर्मा, रश्मि वर्मा, नितेश कश्यप, तुलसी राम वर्मा, आशा राम वर्मा, दयाशंकर वर्मा, यशवंत वर्मा, अंबिका वर्मा, जय प्रकाश वर्मा, रोहित वर्मा उपस्थित थे।

